**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.08.2024** **1945 बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- प्रदेश के तीन ज़िलों में भारी वर्षा व बादल फटने से 55 लोग लापता– दो की मृत्यु।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में भारी वर्षा से उत्पन्न स्थिति पर शिमला में वरिष्ठ अधिकारियों से की बैठक– राहत व बचाव कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश।
- केन्द्र सरकार ने प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान के लिए हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन।
- संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जातिगत टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस ने शिमला में किया विरोध प्रदर्शन।

**बादल फटा**

प्रदेश में बीती रात हुई मानसून की भारी वर्षा और बादल फटने से शिमला, कुल्लू और मंडी में जानमाल को भारी क्षति हुई है। बादल फटने की घटनाओं में 55 लोग लापता हैं जबकि 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। बादल फटने की घटनाओं के कारण भारी बारिश से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात बैठक की। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों से मिली जानकारी के मुताबिक कुल्लू जिले में तीन जगह और मंडी व शिमला में एक–एक जगह बादल फटने की घटनाएं हुई है। शिमला जिले के झाखड़ी का समेज क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां बादल फटने से आवासीय क्षेत्र से 36 लोग लापता हैं और एक सड़क मार्ग भी अवरुद्ध है। इस इलाके में उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने घटना स्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य की निगरानी की और रणनीति बनाकर कार्य में तीव्रता लाने का काम किया। इस घटना में 36 लापता लोगों में 33 शिमला क्षेत्र के जबकि 3 लोग कुल्लू क्षेत्र से संबंध रखते हैं। इनमें चार प्रवासी मजदूर, 8 लोग कंदराहड़ व खुश्वा क्षेत्र से जबकि 7 कर्मचारी ग्रींको प्रोजैक्ट समेज के और 14 समेज क्षेत्र के हैं। प्रभावित क्षेत्र में राहत व बचाव कार्य कल सुबह दोबारा शुरू किया जाएगा।

7वें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक नंदलाल ने घटना स्थल का दौरा किया और बचाव कार्यों में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। मंडी जिले की पधर तहसील के टिक्कन–थालूकोट गांव में सात लोग लापता हैं, जबकि दो लोगों के शव बरामद हुए हैं और तीन घरों को भी नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू जिले के निरमंड तहसील के जाओं गांव में बादल फटने से सात लोग लापता हैं व नौ घर बाढ़ में बह गए हैं, जबकि दो पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त, उच्च पर्वतीय क्षेत्र में बादल फटने से पिन पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ा है जिसमें एक बस बह गई है। उन्होंने बताया कि मलाणा के जरी में भी एक पुल क्षतिग्रस्त हुआ है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा इस समय लोगों के जीवन की सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पूरी मशीनरी युद्धस्तर पर राहत व पुनर्वास कार्य में जुटी हुई है।

––बाईट––मुख्यमंत्री––

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस को पांच ड्रोन दे रही है, ताकि प्रभावित क्षेत्र में परिवहन गतिविधियों का संचालन किया जा सके। इसके अलावा संचार तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए उप–मंडलाधिकारी स्तर पर सैटेलाइट फोन उपलब्ध करवाए गए हैं और पुलिस स्टेशनों व चौकियों को 50 विद्युत जेनरेटर भेजे जा रहे हैं, ताकि विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा निगरानी के लिए 13 स्थानों पर राज्य आपातकालीन केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से सभी संवेदनशील स्थानों पर 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा है कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। इस बीच प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन की घटनाओं को देखते हुए मंडी व कुल्लू ज़िला प्रशासन ने कल 2 अगस्त को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद करने के आदेश जारी किए हैं।

**सुंदर ठाकुर**

मुख्य संसदीय सचिव व कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने मणिकर्ण घाटी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा कर नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में 8 परिवार प्रभावित हुए हैं और दो मंदिर भी पार्वती नदी के बहाव की चपेट में आ गए हैं। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रभावित परिवारों को राशन व तिरपाल की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि मलाणा डैम साइट में कुल 37 लोग फंसे थे जिनमें से 33 लोगों को

एनडीआरएफ व होम गार्डस की टीमों ने सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है जबकि टनल में फंसे अन्य सुरक्षित चार लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीमें कार्य कर रही हैं। इस क्षेत्र में 13 किलोमीटर बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है जिसे सुचारू करने का कार्य भी चल रहा है।

**<u>मानसून नुकसान</u>**

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिमाचल प्रदेश में भारी वर्षा व बादल फटने की घटनाओं से उत्पन्न स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने शीर्ष अधिकारियों से प्रभावितों को हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने को कहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से दूरभाष के माध्यम से बात की और एनडीआरएफ की दो बटालियन की मंजूरी देने सहित हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी प्रदेश में हुए भारी नुकसान पर मुख्यमंत्री से फोन पर जानकारी ली है और केंद्र से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है। उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं से प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों में मदद करने का आग्रह किया है। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भारी बारिश व बादल फटने की घटनाओं पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने इन हादसों में लापता हुए लोगों के शीघ्र सुरक्षित मिलने की कामना की है।

**<u>अनुराग ठाकुर</u>**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल में भारी बारिश से उत्पन्न हालातों पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बात की। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बादल फटने और भारी बारिश से जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के हालात पर केन्द्र सरकार पूरी नजर बनाए हुए हैं और केन्द्र की मोदी सरकार ने मुख्यमंत्री को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हिमाचल में आई आपदा के समय भी केन्द्र द्वारा भरपूर मदद दी गई थी और इस बार भी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

**<u>मुकेश अग्निहोत्री</u>**

प्रदेश में हो रही भारी बरसात से अब तक जल शक्ति विभाग को एक सौ 96 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में बताया कि

बीते दिन बादल फटने और भारी बारिश से विभाग को 44 करोड़ रुपये का नुकसान और 3 सौ 52 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी आदेशों तक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बीती रात भारी बारिश से हुए हादसों पर दुख जताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में भारतीय जनता पार्टी सरकार और प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। जयराम ठाकुर ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से बात कर हालात का जायज़ा लिया है और केन्द्रीय नेतृत्व को भी वस्तु स्थिति से अवगत करवा दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने पार्टी से जुड़े सभी लोगों से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आगे आकर सहायता करने का आग्रह किया है।

**प्रदर्शन**

संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सांसद अनुराग ठाकुर की जातिगत टिप्पणी के खिलाफ आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पार्टी के अग्रणी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अनुराग ठाकुर से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी गरीब और दलित समाज के मुद्दों को मज़बूती से उठा रहे हैं जो केन्द्र सरकार को रास नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अनुराग ठाकुर को मंत्री पद नहीं मिला इसलिए अपनी खीज मिटाने के लिए वे अमर्यादित और अशोभनीय ब्यानबाजी कर रहे हैं।

**सिकंदर कुमार**

सांसद सिकंदर कुमार ने आज संसद में परवाणू–शिमला, मटौर–शिमला और पठानकोट–मंडी फोरलेन का मुद्दा उठाया। उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से इन फोरलेन के निर्माण कार्य में तेज़ी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के बनने से समय की बचत होगी और पर्यटकों की आमद भी बढ़ेगी।

- प्रदेश के तीन ज़िलों में भारी वर्षा व बादल फटने से 55 लोग लापता– दो की मृत्यु।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में भारी वर्षा से उत्पन्न स्थिति पर शिमला में वरिष्ठ अधिकारियों से की बैठक– राहत व बचाव कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश।
- केन्द्र सरकार ने प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान के लिए हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन।
- संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जातिगत टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस ने शिमला में किया विरोध प्रदर्शन।